दैनिक नवज्योति उदयपुर, मंगलवार, 16 सितंबर 2014

विभूतियों से आवेदन आमंत्रित

महाराणा मेवाड़ फाउंडेशन अलंकरण समारोह 22 मार्च को

उदयपुर। समाज सेवा, विज्ञान, कला सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित करने के संबंध में महाराणा मेवाड़ चेरिटेबल फाउंडेशन उदयपुर ने आवेदन आमंत्रित किए हैं। आगामी 22 मार्च को होने वाले 33वें महाराणा मेवाड़ फाउंडेशन वार्षिक अलंकरण सम्मान समारोह में फाउण्डेशन के अध्यक्ष एवं प्रबंध न्यासी अरविन्द सिंह मेवाड़ विभूतियों को सम्मानित करेंगे। प्रविष्टियां 29 नवंबर तक आमंत्रित की गई हैं।

समारोह के संयोजक डॉ. मयंक गुप्ता ने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाएं आवेदन कर सकती हैं। आवेदन पत्र फाउंडेशन की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। इसके अलावा आवेदन पत्र सिटी पैलेस उदयपुर के बड़ी पोल स्थित काउंटर से प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं।

डॉ. गुप्ता ने बताया कि फाउंडेशन की ओर से कर्नल जेम्स टॉड सम्मान, हल्दीघाटी सम्मान, हकीम खां सूर सम्मान, महाराणा उदयसिंह सम्मान, पन्नाधाय सम्मान, महर्षि हारित राशि सम्मान, महाराणा मेवाड़ सम्मान, महाराणा कुंभा सम्मान, महाराणा सज्जन सिंह सम्मान, डागर घराना सम्मान, राणा पूंजा सम्मान और अरावली सम्मान प्रदान किया जाता है। इसके अलावा विद्यार्थी वर्ग के लिए वार्षिक अलंकरण सम्मानों में भामाशाह सम्मान, महाराणा राज सिंह सम्मान तथा महाराणा फतह सिंह सम्मान 2012-13 एवं 2013-14 के लिए प्रदान किए जाएंगे।